रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-07082023-247902
CG-DL-E-07082023-247902

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3364] नई दिल्ली, सोमवार, अगस्त 7, 2023/श्रावण 16, 1945
No. 3364] NEW DELHI, MONDAY, AUGUST 7, 2023/SHRAVANA 16, 1945

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 अगस्त, 2023

का.आ. 3515(अ).—केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv), के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संख्यांक का.आ. सं. 1257 (अ), तारीख 31 मई, 2012 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में अधिसूचना जारी करती है;

और केन्द्रीय सरकार का यह राय है कि उक्त अधिसूचना में संशोधन करना जनहित में आवश्यक और समीचीन है;

और पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (4) में उपबंध है कि जब भी केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि ऐसा करना जनहित में है, तो इसके लिए पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (3) के खंड (क) के अधीन नोटिस की अपेक्षा से अभिमुक्ति दे सकेगी;

और केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि इस अधिसूचना संख्या का.आ. 1257(अ) तारीख 31 मई, 2012 में संशोधन करने के लिए पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (3) के खंड (क) के अधीन नोटिस की अपेक्षा से अभिमुक्ति देना जनहित में है।

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (4) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv), के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना, जो अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1257(अ) तारीख 31 मई, 2012 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

उक्त अधिसूचना में-

(i) पैरा 2 में,

(क) उप-पैरा (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उपपैरा रखा जाएगा: अर्थात्:-

"(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए, इस संशोधित अधिसूचना के प्रकाशन से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय लोगों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दी गई शर्तों का पालन करते हुए एक आंचलिक महायोजना तैयार करेगी'.

(ख) उप-पैरा (7) में, "और पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा इसका अनुमोदन होने" शब्द को हटा दिया जाएगा;

(ii) पैरा 4 में, उप-पैरा (2) में, -

(क) खंड (ख) में, "पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार" शब्दों के स्थान पर, "राज्य सरकार में राजस्व विभाग" शब्द रखे जाएगे;

(ख) खंड (ग) में, "भारत सरकार द्वारा" शब्दों के स्थान पर, "राज्य सरकार समय-समय पर, प्रत्येक तीन वर्ष से अधिक के कार्यकाल के लिए" शब्द रखे जाएगे;

(ग) खंड (छ) में, "पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा" शब्दों के स्थान पर, "राज्य सरकार समय-समय पर, प्रत्येक तीन वर्ष से अधिक के कार्यकाल के लिए" शब्द रखे जाएगे ।

[फा. सं. 25/4/2012-ईएसजेड-आरई]

डॉ. एस. करकेट्टा, वैज्ञानिक 'जी'

टिप्पण: मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में अधिसूचना संख्या का.आ. 1257(अ), तारीख 31 मई, 2012 के द्वारा प्रकाशित की गई थी;

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 7th August, 2023

S.O. 3515(E).— Whereas the Central Government, in exercise of the power conferred by sub section (1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) of section 3 of the Environment (Protection) Act 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986 issued in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, sub-section (ii), *vide* number S.O. 1257 (E), dated the 31st May, 2012;

And whereas the Central Government is of the opinion that it is necessary and expedient in the public interest to amend the said notification;

And whereas sub-rule (4) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986 provides that whenever it appears to the Central Government that it is in the public interest to do so, it may dispense with the requirement of notice under clause (a) of sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986;

And whereas the Central Government is of the opinion that it is in the public interest to dispense with the requirement of notice under clause (a) of sub rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986 for amending the notification number S.O. 1257 (E), dated the 31st May, 2012;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986), and sub-rules (3) and (4) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* number S.O. 1257 (E), dated the 31st May, 2012, namely:-

In the said notification,-

(i) in paragraph 2,-

(a) for sub-paragraph (1), the following sub-paragraph shall be substituted, namely:-

"(1) The State Government shall, prepare a Zonal Master Plan, for the purposes of the Eco-sensitive Zone, in consultation with local people and in accordance with this notification, within a period of two years from the date of publication of this amendment notification.";

(b) in sub-paragraph (7), the words, "and approval thereof by the Ministry of Environment and Forests", shall be deleted;

(ii) in paragraph 4, in sub-paragraph (2),-

(a) in clause (b), for the words "Ministry of Environment and Forests, Government of India", the words "Revenue Department in the State Government", shall be substituted;

(b) in clause (c), for the words "Government of India", the words, "State Government from time to time, for a tenure not exceeding three years each", shall be substituted;

(c) in clause (g), for the words "Ministry of Environment and Forests, Government of India", the words, "State Government from time to time, for a tenure not exceeding three years each", shall be substituted.

[F. No. 25/4/2012-ESZ/RE]

Dr. S. KERKETTA, Scientist 'G'

Note.- The principal notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii), vide notification number S.O. 1257 (E), dated the 31st May, 2012.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2023.08.07 21:06:07 +05'30'

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1041] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 31, 2012/ज्येष्ठ 10, 1934

No. 1041] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 31, 2012/JYAISTHA 10, 1934

पर्यावरण और वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मई, 2012

का.आ. 1257(अ).—नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य देश के एक पृथक बायोटिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है और भारतीय शुष्क क्षेत्र के एक अभिन्न जीन पूल का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें प्रचुर चरागाह, कच्छ वनस्पति के घने वनों वाले तटीय क्षेत्र, तट रेखा के कारण आंशिक नमभूमि तथा विभिन्न आकारों की लगभग 45 लेन्टिक नमभूमियां हैं और इसमें कई दुर्लभ और संकटापन्न प्रजातियां जैसे कि चिंकारा, काराकल, भेड़िया, तेंदुआ, साण्डा, रेगिस्तानी बिल्ली, ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड, लेसर फ्लोरिकन, हौवारा बस्टर्ड इत्यादि पाई जाती हैं ;

और यह अभयारण्य खनिज संपदा मे साक्षेप रूप से बहुत समृद्ध है । यहां मुख्यतः चूना, लिग्नाईट, वेन्टोनाईट और बॉक्साइड खनिज पाए जाते हैं; पारिस्थितिकी संवेदनशील

और नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र के आस-पास के क्षेत्र का पारिस्थितिकीय और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के रूप में संरक्षण और सुरक्षा किया जाना आवश्यक है;

और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 उप-धारा (2) के खंड (V) और खंड (XIV) के साथ पठित उप-धारा (1) के अधीन प्रारूप अधिसूचना जो पर्यावरण और वन मंत्रालय,

भारत सरकार की अधिसूचना संख्या का. आ. 1265 (अ) तारीख 1 जून, 2011 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण में, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप नियम (3) के अधीन यथा अपेक्षित प्रकाशित की गई थी, जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से जिसको उक्त अधिसूचना से युक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और उक्त अधिसूचना की राजपत्र प्रतियां जनता को 1 जून, 2011 को उपलब्ध कराई गई थीं ;

और केंद्रीय सरकार द्वारा प्रारूप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में प्राप्त सभी आपत्तियों और सुझावों पर सम्यक रूप से विचार कर लिया गया है ;

अत: अब केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (2) के खंड (V) तथा, खंड (xiv) के साथ पठित उप-धारा (I) और पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गुजरात राज्य में नीचे वर्णित सीमा के भीतर परिबद्ध नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 2.5 किलोमीटर तक के क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन (जिसको इसमें इसके पश्चात नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है ।

1. **नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमाएं -**

(क) नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य देश के सर्वाधिक पश्चिमी भाग में स्थित है । यह 23^{0} 27' उत्तरी अक्षांश से 23^{0} 42' उत्तरी अक्षांश के मध्य तथा 68^{0} 30' पूर्वी देशांतर से 68^{0} 57' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है । प्रशासनिक तौर पर यह अभयारण्य गुजरात राज्य के कच्छ जिले के लखपत तालुका में स्थित है । यह अभयारण्य उत्तर पूर्व में कोरि-संकरी खाड़ी और पश्चिम में कच्छ वनस्पति के वनों से घिरा है तथा इसकी पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी दिशाओं में कोई प्रमुख भू-विशिष्टता नहीं देखी गई है ।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन का परिधीय क्षेत्र लगभग 22588.00 हेक्टेयर है जिसमें कच्छ जिले के लखपत तालुका के 28 गांव, नखतरन तालुका का एक गांव तथा अब्दासा तालुका के दो गांव

शामिल हैं । 22588.00 हेक्टेयर क्षेत्र में से 8531.00 हेक्टेयर क्षेत्र में वन भूमि है तथा 14057.00 हेक्टेयर क्षेत्र में वन भूमि नहीं है ।

(ग) पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की त्रिज्या की रेंज सभी दिशाओं पर 0-2.5 किलोमीटर है तथा संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर की औसत दूरी 1.5 किमी. है ।

(घ) पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन को अभयारण्य की बाह्य सीमा से 2.5 किलोमीटर के बफर क्षेत्र के भीतर निम्नवत दो उप जोनों में विभाजित किया गया है :

उप जोन-क : यह बफर जोन के अंदर 2.5 किलोमीटर का क्षेत्र है जिसमें अभयारण्य क्षेत्र की ओर जल निकासी मार्ग तथा चट्टाने सापेक्ष रूप से भेद्य हैं । इस प्रकार, एक ओर यह उपजोन अभयारण्य में विभिन्न जल मार्गों या जल निकायों के कैचमेंट क्षेत्र का भाग होगा और दूसरी ओर सापेक्ष रूप से भेद्य स्वरूप की चट्टानों के कारण जल जनित प्रदूषणकारी भू-जल को और अधिक प्रभावित करेंगे ।

उप जोन-ख : इस क्षेत्र में जल निकासी मार्ग अभयारण्य क्षेत्र से बाहर की ओर जाते हैं । इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र की चट्टाने सापेक्ष रूप से अभेद्य हैं ।

(ङ) नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य और नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन का मानचित्र और सीमावर्ती भूमंडलीय स्थितीय प्रणाली बिंदु इस अधिसूचना के साथ उपाबंध-I के रूप में संलग्न है तथा नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के अंदर आने वाले गांवों की सूची उपाबंध-II के रूप में संलग्न है ।

2. **नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के लिए जोनल मास्टर प्लान -**

(1) नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन का जोनल मास्टर प्लान, राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति से तैयार किया जाएगा, जो तत्समय प्रवृत्त नगर एवं ग्राम योजना से संबंधित विधि, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53), राज्य में में विनिर्दिष्ट की गई है, प्रभागीय कार्य योजनाएं

और केन्द्रीय सरकार द्वारा मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किए जाएंगे जो कि इस अधिसूचना की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित होंगे ।

(2) जोनल मास्टर प्लान सभी संबंधित राज्य विभागों जैसे कि पर्यावरण, वन, शहरी विकास, पर्यटन, नगरपालिका, राजस्व और गुजरात राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सम्यक सहभागिता से, इनमें पर्यावरण और पारिस्थितिकी के विभिन्न पहलुओं की दृष्टि से, तैयार किया जाएगा ।

(3) जोनल मास्टर प्लान में, वृक्षहीन क्षेत्र को प्रत्यावर्तित करने, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, जल ग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन, वाटर शेड प्रबंधन, भूजल प्रबंधन, मिट्टी और नमी के संरक्षण, स्थानीय समुदाय की जरूरतों और पारिस्थितिकी और पर्यावरण के उन अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान देना जरूरी है ।

(4) जोनल मास्टर प्लान सभी विद्यमान पूजा स्थानों, गांवों, बस्तियों, वनों के प्रकारों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्रों, उद्यान क्षेत्रों, आर्किड, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा निर्धारित करेगा ।

(5) हरित उपयोग से भूमि के उपयोग में जैसे चाय बागानों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, उद्यानों और ऐसे ही अन्य स्थानों को गैर हरित उपयोग में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी । तथापि विद्यमान स्थानीय जनसंख्या के प्राकृतिक विकास के कारण उनकी आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से अत्यधिक सीमित मात्रा में कृषि भूमि के भू-उपयोग को बदलने की अनुमति दी जा सकती है ।

(6) 5000 और उससे अधिक की जनसंख्या वाले सभी पर्यावास क्षेत्रों में क्षेत्र विकास योजना होंगी और उसे स्थानीय स्व-शासन के मार्गदर्शन में तैयार किया जाएगा ।

(7) पारिस्थितिकी संवेदनशील ज़ोन के लिए जोनल मास्टर प्लान तैयार होने और पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा उसका अनुमोदन होने तक सभी नए संनिर्माणों और अन्य विकासात्मक कार्यकलापों को इस अधिसूचना के पैरा 4 के उप-पैरा (4) के अनुसार निगरानी समिति द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय को भेजा जाएगा ।

(8) हरित क्षेत्र जैसे कि वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि को पारिणामिक रूप से कम नहीं किया जाएगा और अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों पुनः वन क्षेत्रों में परिवर्तित किया जा सकेगा।

(9) जोनल मास्टर प्लान निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगा जिसे वह अपने द्वारा किए जाने वाले किसी विनिश्चय के लिए उपयोग कर सकेगी ।

(10) केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकारें, यदि आवश्यक समझें तो इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में अन्य उपाय विनिर्दिष्ट कर सकती है ।

3. पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में प्रतिषिद्ध, विनियमित और अनुज्ञात क्रियाकलाप.- नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील ज़ोन में किए जाने वाले समस्त क्रियाकलाप वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53); वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे । इस पैरा के उपबंधों के अधीन रहते हुए पारिस्थितिकी संवेदनशील ज़ोन में कार्यकलाप, इस अधिसूचना से उपाबंध 3 के अनुसार विनियमित किए जाएंगे ।

(1) औद्योगिक इकाइयां :

(क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके पश्चात् अभयारण्य की परिधि के 500 मीटर के अंदर कोई नया औद्योगिक विकास अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में किसी प्रदूषणकारी उद्योग को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में 500 मीटर की परिधि के बाहर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों पर न्यूनतम 50 मीटर चौड़ी हरित पट्टी की व्यवस्था के साथ विचार किया जाएगा ।

(ग) यदि पारि-संवेदनशील जोन 2.5 किलोमीटर से कम हो तो उद्योग, यदि अनुज्ञात है, को 50 मीटर चौड़ी मीटर निगरानी पट्टी और 200 मीटर चौड़ी हरित पट्टी सहित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने होंगे तथा 250 मीटर चौड़े कोई कार्यकलाप नहीं जोन का 500 मीटर पारि-संवेदनशील क्षेत्र में रखरखाव किया जाएगा ।

(2) **उत्खनन और खनन:** एसएलपी 13658/1996 में माननीय उच्चतम न्यायालय के तारीख 7 मई, 2010 के आदेश में दिए गए निर्देशों के अनुसार नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य की वाह्य सीमा से 3 किलोमीटर की परिधि में कोई खनन या पिसाई कार्य अनुज्ञात नहीं होगा ।

(3) **वृक्ष :** वन में वृक्षों की कटाई, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना या प्रबंध योजना के अनुसार होनी चाहिए और निजी या राजस्व भूमि पर कटाई राज्य विनियमों के अनुसार अनुज्ञात की जा सकेगी ।

(4) **पर्यटन :** पर्यटन गतिविधियों को पर्यटन मास्टर प्लान के अनुसार अनुज्ञात किया जाएगा जिसमें कि पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी शिक्षा और पारिस्थितिकी विकास पर जोर दिया जाएगा और जो पर्यटन विभाग द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय के परामर्श से तैयार की जाएगी तथा वह जोनल मास्टर प्लान का एक संघटक होगी।

(5) **भूजल :**

(क) भूमि के अधिभोगी को, खेती और घरेलू खपत के लिए भू-जल को निकालने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा ।

(ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए भू-जल को निकालने के लिए राज्य भू-जल बोर्ड से पूर्व लिखित अनुमति लेनी होगी जिसके अंतर्गत भू-जल की ऐसी मात्रा भी है जो उसमें से निकाली जा सकती है ।

(ग) जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि गतिविधियों से संदूषण या प्रदूषण भी है, को रोकने के लिए समुचित उपाय किए जाएंगे ।

(6) **प्लास्टिक का उपयोग :** कोई भी व्यक्ति पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करेगा और प्लास्टिक की वस्तुओं का निस्तारण कड़ाई से विनियमित किया जाएगा ।

(7) **ध्वनि प्रदूषण :** पर्यावरण विभाग या राज्य वन विभाग गुजरात को पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में ध्वनि-नियंत्रण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम बनाने और जारी करने का प्राधिकार होगा ।

(8) **बहिस्रावों का निस्सारण :** पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के भीतर किसी जल निकाय में या भूमि पर अनुपचारित या औद्योगिक बहिस्राव का निस्तारण किया जाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा और जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के उपबंधों के अनुरूप अभिक्रियित बहिस्राव होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट :** (क) ठोस अपशिष्ट का व्ययन केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908 (अ), तारीख 25 सितम्बर, 2000 द्वारा अधिसूचित नगर पालिका ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) (i) स्थानीय प्राधिकारी जैव अवक्रमणीय और गैर जैव अवक्रमणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के पृथक्करण के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ।

(ii) जैव अवक्रमणीय सामग्री का अधिमानी रूप से : कम्पोस्टिंग और वर्मी कल्चर के माध्यम से पुन:चक्रण किया जाएगा।

(iii) अकार्बनिक सामग्री को पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर पर्यावरणीय रूप से स्वीकार्य रीति से निस्तारण किया जाएगा; और

(iv) पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाने या भस्मीकरण किए जाने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(10) **प्राकृतिक झरने :** सभी झरनों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी तथा सूख चुके झरनों को उनके प्राकृतिक रूप में संरक्षण और पुनर्जीवित करने की योजना को जोनल मास्टर प्लान में सम्मिलित किया जाएगा तथा राज्य सरकार इन क्षेत्रों पर या उनके आस-पास विकास के क्रियाकलापों पर पाबंदी लगाने के लिए सख्त मार्गदर्शक सिद्धांत जारी करेगी ।

(11) **जागरूकता :** राज्य पर्यावरण और वन विभाग पारिस्थितिकी संवेदनशील ज़ोन में आने वाले प्रत्येक गांव में वन्यजीव अभयारण्य के महत्व और उपयोगिता को रेखांकित करते हुए नियमित रूप से प्रकृति शिक्षा तथा पर्यावरणीय जागरूकता अभियान चलाएगा ।

4. **निगरानी समिति -**

(1) केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के अनुपालन की निगरानी के लिए नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन निगरानी समिति नामक एक समिति का गठन करती हैं;

(2) उप पैरा (1) में निर्दिष्ट निगरानी समिति दस से अनधिक सदस्यों से मिलकर बनेगी और इसमें निम्नलिखित प्रतिनिधि होंगे; अर्थात् :-

(क) कलक्टर, कच्छ - अध्यक्ष;

(ख) पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार का एक प्रतिनिधि - सदस्य;

(ग) पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठनों का एक प्रतिनिधि, जिसे भारत सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य;

(घ) क्षेत्रीय अधिकारी, गुजरात राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कच्छ - सदस्य;

(ड.) क्षेत्र का ज्येष्ठ नगर योजनाएं - सदस्य;

(च) वन और पर्यावरण विभाग, गुजरात सरकार का एक प्रतिनिधि - सदस्य;

(छ) पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र का एक विशेषज्ञ, जिसे पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य

(ज) उप वन संरक्षक, (अभयारण्य का भारसाधक) कच्छ - सदस्य सचिव

(3) निगरानी समिति की शक्तियां और कृत्य इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन तक निर्बन्धित होंगे ।

(4) ऐसे क्रियाकलापों की दशा में, जिनके भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 के उपबंधों के अधीन पूर्व अनुज्ञा अपेक्षित है, निगरानी समिति उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन ऐसे मामलों को पूर्व अनापत्तियों के लिए भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय को निर्दिष्ट करेगी।

(5) निगरानी समिति, संबंधित विभागों या संगठनों के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों को, मुद्दे-दर-मुद्दे आधारित अपेक्षाओं के आधार पर निर्भर रहते हुए विचार-विमर्शों में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(6) निगरानी समिति का अध्यक्ष या सदस्य सचिव इस अधिसूचना के उपबंधों का अनतुपालन करने के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन शिकायतें फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(7) निगरानी समिति, प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक अपने क्रियाकलापों के बारे में की गई कार्रवाई संबंधी वार्षिक रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय को प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण और वन मंत्रालय, समय-समय पर निगरानी समिति को ऐसे निर्देश देगा, जो वह निगरानी समिति के कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए आवश्यक समझे।

उपाबंध-I

[पैरा 1(ङ) देखें]

नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य और नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील ज़ोन का मानचित्र और सीमा के भूमंडलीय स्थितीय प्रणाली बिन्दु

नारायण सरोवर अभयारण्य के आस-पास पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन

टिप्पणी :
यह रेखा पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन उपदर्शित करती है
यह रेखा अभयारण्य की सीमा उपदर्शित करती है

टिप्पण :

यह रेखा पारिस्थितिकी नाज़ुक जोन की सीमा उपदर्शित करती है। (बिंदु सं. 1-68)

यह रेखा अभयारण्य की सीमा उपदर्शित करती है (बिंदु सं. 69-160

नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य और नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमा के भूमंडलीय स्थितीय प्रणाली बिंदु

An.—III—(A)

	X=483108.0767	Y=2602936.9844
	X=480324.6162	Y=2603929.6863
	X=478157.6086	Y=2602637.5448
	X=477504.7231	Y=2601681.5973
	X=475250.9830	Y=2601258.5758
	X=472723.3712	Y=2602502.7701
	X=471263.2697	Y=2602245.3100
	X=469893.0413	Y=2603473.5731
	X=467048.5056	Y=2604177.7978
0	X=465241.9090	Y=2606088.3866
1	X=461715.0616	Y=2605714.0295
2	X=460859.4299	Y=2603646.4341
3	X=460577.9238	Y=2601653.2951
4	X=459167.5424	Y=2600485.8881
5	X=458568.1460	Y=2600397.8055
6	X=456464.9194	Y=2598882.9093
7	X=456641.5251	Y=2597123.1544
8	X=456393.5523	Y=2596181.8062
9	X=455685.8732	Y=2595156.1918
0	X=452153.9040	Y=2593333.3269
1	X=451353.6458	Y=2592792.1022
2	X=450683.7038	Y=2592895.0914
3	X=448827.0970	Y=2591972.0051
4	X=444642.4840	Y=2591632.3022
5	X=444732.0673	Y=2604567.2152
6	X=444934.3304	Y=2615563.9799
7	X=446188.2550	Y=2617838.7576
8	X=447946.5328	Y=2618832.5865
9	X=449669.2961	Y=2618548.6427
0	X=454899.6758	Y=2622489.0992
1	X=456392.7792	Y=2623470.6596
2	X=458387.1433	Y=2621393.4081
3	X=460933.3578	Y=2619976.7114
4	X=461526.9076	Y=2620074.0914
35	X=461902.5874	Y=2620836.9695
36	X=464483.7849	Y=2620885.4033
37	X=464606.7082	Y=2618544.0580
38	X=466748.0192	Y=2616609.0857
39	X=468532.9599	Y=2614467.3668
40	X=469040.4537	Y=2615316.3807
41	X=467579.2408	Y=2618799.6996
42	X=470059.2584	Y=2620156.8464
43	X=471778.3978	Y=2617060.4094
44	X=472595.2777	Y=2616277.5789
45	X=474748.9493	Y=2616993.3550
46	X=476083.8632	Y=2616917.6435
47	X=478060.3426	Y=2615720.4231
48	X=478796.5782	Y=2617387.4339
49	X=480918.3109	Y=2618892.4949
50	X=483182.2463	Y=2618804.4636
51	X=485014.8385	Y=2618036.5654
52	X=485970.5387	Y=2618735.5395
53	X=488837.1562	Y=2619396.0665
54	X=488288.5430	Y=2616150.7442
55	X=486617.3843	Y=2615008.1048
56	X=487227.5075	Y=2612340.0166
57	X=492003.9792	Y=2612731.8160
58	X=493650.9784	Y=2612475.0474
59	X=494552.0299	Y=2611261.6910
60	X=494036.1286	Y=2610420.8219
61	X=491844.0435	Y=2609154.2676
62	X=492699.6752	Y=2606815.2530
63	X=492903.6778	Y=2605092.8928
64	X=492045.5335	Y=2604090.8934
65	X=492703.9273	Y=2602612.6235
66	X=491834.3797	Y=2601825.2747
67	X=489157.9456	Y=2601603.5294
68	X=484287.8318	Y=2602479.2831
69	X=492006.8906	Y=2604879.9164
70	X=490231.9583	Y=2605566.3799
71	X=489888.4616	Y=2606618.9569
72	X=488505.9114	Y=2606534.6754
73	X=485123.9835	Y=2605337.0981
74	X=480803.6840	Y=2605915.1023
75	X=480134.8507	Y=2606962.7349
76	X=477608.1566	Y=2605140.8825
77	X=476537.5348	Y=2602230.0045
78	X=475604.9846	Y=2602298.6660
79	X=473681.2225	Y=2602619.5931
80	X=474209.3846	Y=2604202.8620
81	X=473042.8577	Y=2608193.4828
82	X=473471.4511	Y=2607942.6579
83	X=471093.7261	Y=2608307.8843
84	X=468331.6275	Y=2606203.7340
85	X=468470.6016	Y=2608356.1619
86	X=467390.1498	Y=2608704.3174
87	X=466940.1006	Y=2609389.5788
88	X=465397.0714	Y=2608907.7540
89	X=464904.1600	Y=2609560.8939
90	X=466243.5939	Y=2610224.7406
91	X=465382.8971	Y=2611966.4205
92	X=465066.3617	Y=2612439.8283
93	X=462562.5846	Y=2613673.2702
94	X=461431.6307	Y=2612076.0961
95	X=461497.7614	Y=2610122.3152
96	X=462548.2187	Y=2608913.2863
97	X=461561.9788	Y=2608927.7765
98	X=460053.6125	Y=2610145.1340
99	X=457905.1653	Y=2609919.7521
100	X=457246.2454	Y=2607128.7057
101	X=458849.0701	Y=2604909.3622
102	X=457172.4596	Y=2603394.5366
103	X=454740.8193	Y=2602022.4278
104	X=454642.0603	Y=2600138.3930
105	X=453052.1413	Y=2598861.7639
106	X=453932.2743	Y=2596081.5509
107	X=453080.5315	Y=2595769.4862
108	X=452115.2240	Y=2596251.7674
109	X=451263.4812	Y=2594606.3352
110	X=449588.3858	Y=2596705.6803
111	X=449503.2113	Y=2599854.6975
112	X=448566.2941	Y=2602890.2367
113	X=449484.6075	Y=2605574.7659
114	X=448911.1011	Y=2609341.1589
115	X=450424.0449	Y=2611412.8535
116	X=450480.0801	Y=2613512.5444
117	X=451376.6401	Y=2613848.4944
118	X=451665.2810	Y=2616148.6144
119	X=453618.1672	Y=2616424.9160
120	X=456019.3352	Y=2620379.5880
121	X=459341.6969	Y=2620379.5880
122	X=460346.6261	Y=2619096.4526
123	X=461966.9871	Y=2619224.2771
124	X=462137.5503	Y=2619895.3558
125	X=463416.7829	Y=2619980.5721
126	X=463511.5599	Y=2618194.4305
127	X=466239.9361	Y=2616404.3397
128	X=467653.6506	Y=2614302.2213
129	X=469336.6457	Y=2612855.9628
130	X=469774.2234	Y=2613848.1637
131	X=469706.9037	Y=2616286.6210
132	X=468612.9585	Y=2618758.7135
133	X=469824.7141	Y=2619111.8696
134	X=471830.6224	Y=2615183.0168
135	X=473159.4298	Y=2615037.7913
136	X=475402.5118	Y=2616102.8179
137	X=478635.9579	Y=2614214.6017
138	X=479586.5507	Y=2616130.6977
139	X=481602.4635	Y=2617768.3863
140	X=483765.8814	Y=2617620.9936
141	X=485175.3806	Y=2616359.9735
142	X=487666.5907	Y=2618341.5769
143	X=487863.2649	Y=2618145.0547
144	X=487043.7882	Y=2615934.1745
145	X=485798.1632	Y=2615393.7376
146	X=485781.7941	Y=2613412.1343
147	X=486535.7128	Y=2613215.6122
148	X=486207.9225	Y=2611921.8383
149	X=486896.2811	Y=2611446.9088
150	X=492727.1049	Y=2612133.5342
151	X=493665.1789	Y=2611131.5402
152	X=493196.1410	Y=2610501.2533
153	X=492549.1957	Y=2610711.3489
154	X=490883.3065	Y=2609822.4842
155	X=490656.8749	Y=2608901.2959
156	X=488251.9448	Y=2609838.0247
157	X=487773.0730	Y=2609519.0235
158	X=487902.7670	Y=2608611.8631
159	X=490966.3496	Y=2607541.3704
160	X=492180.7239	Y=2605957.6461

उपाबंध-II

[(पैरा 1(ङ) देखें)]

नारायण सरोवर पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के क्षेत्रों के भीतर आने वाले गांवों की सूची

क. तालुका अब्दासा

होथियाई, गोले

ख. तालुका लखपत

शेह, कईयारी, नरेंदी, पनानधारो, खानोट, अंकारी, धारेशी, नानी-विरानी, दयापार, अमिया, माता ना मठ, असाल्दी, सुजावरी-वन्ध, रावेश्वर, खड़क, नानी सरन, खरौदा, चक्री, बारान्दा, नरेदा, बुधा, लक्ष्मीरानी, भाजपार, रतिपल, समुद्र-तट, नारायण सरोवर, कोटेश्वर, धुने ।

ग. तालुका नखत राना

पनेली

नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य के प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के लिए क्षेत्र

क्र.सं.	गांवों का नाम	तालुका	सर्वेक्षण सं.	क्षेत्र (हेक्टेयर में)			सीमाएं
				वन क्षेत्र	गैर-वन क्षेत्र	कुल क्षेत्र	
1	शेह	लखपत	37	0	70	70	उत्तर : शेह का आंशिक भाग कईयारी, नरेदी, पनानधारो, खनोट, अंकारी, धारेशी गांव
2	कईयारी	लखपत	15,16,27,29,30,32,34	215.00	115.00	330.00	
3	नरेदी	लखपत	38	75.00	660.00	735.00	
4	पनानधारो	लखपत	255	750.00	1000.00	1750.00	
5	खनोट	लखपत	51	0.00	296.00	296.00	
6	अंकारी	लखपत	46	157.00	0.00	157.00	
7	धारेशी	लखपत	189	0.00	170.00	170.00	
8	नानी-विरानी	लखपत	271	0.00	125.00	125.00	पूर्व : नानी-विरानी का आंशिक भाग दयापार, अमिया और पनेली
9	दयापार	लखपत	569	0.00	760.00	760.00	
10	अमिया	लखपत	170	0.00	80.00	80.00	
11	पनेली	नखतराना	258	0.00	345.00	345.00	
12	माता ना मठ	लखपत	189	0.00	250.00	250.00	दक्षिण : माता ना मठ का आंशिक भाग असाल्दी, सुजावरी-वन्ध, रावेश्वर, खड़क, नानी सरन, चक्री, खरौदा, बारान्दा, नरेदा, लक्ष्मीरानी, लखपत तालुका का जड़वा और होथियाइ, अब्दासा तालुका का गोले
13	असाल्दी	लखपत	40	125.00	550.00	675.00	
14	सुजावरी-वन्ध	लखपत	14	170.00	160.00	330.00	
15	रावेश्वर	लखपत	5	600.00	100.00	700.00	
16	खड़क	लखपत	29	175.00	950.00	1125.00	
17	नानी सरन	लखपत	39/1	0.00	500.00	500.00	
18	खरौदा	लखपत	टी.एस.सं.	0.00	120.00	120.00	
19	चक्री	लखपत	41	475.00	800.00	1275.00	
20	बारान्दा	लखपत	133	400.00	1350.00	1750.00	
21	नरेदा	लखपत	23	400.00	475.00	875.00	

22	बुधा	लखपत	88	0.00	1521.00	1521.00	
23	लक्ष्मीरानी	लखपत	31	780.00	908.00	1688.00	
24	भापर	लखपत	7	266.00	0.00	266.00	
25	रतिपल	लखपत	1	1475.00	0.00	1475.00	
26	होथियाइ	अब्दासा	101 से 120	0.00	1197.00	1197.00	
27	गोले	अब्दासा	81,83 से 91,94 से 97,99,100,108,109,114 से 136	600.00	400.00	1000.00	
28	समुद्र-तट	लखपत	कच्छ वनस्पति वन	1600.00	0.00	1600.00	पश्चिम : पश्चिम कच्छ वनस्पति की सीमा, नारायण सरोवर कोटेश्वर और धुने
29	नारायण सरोवर	लखपत	7	10.00	899.00	909.00	
30	कोटेश्वर	लखपत	2	0.00	256.00	256.00	
31	धुने	लखपत	2	258.00	0.00	258.00	
			कुल	**8531.00**	**14057.00**	**22588.00**	

उपाबंध-III
(पैरा 3 देखें)

नारायण सरोवर वन्यजीव अभयारण्य के आस-पास पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के भीतर प्रतिषिद्ध, विनियमित अथवा अनुज्ञात किए जाने वाले कार्यकलाप

क्र.सं.	कार्यकलाप	प्रतिषिद्ध	विनियमित	अनुज्ञात	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	वाणिज्यिक खनन	हां			एसएलपी 13658/1996 में माननीय उच्चतम न्यायालय के तारीख 7.5.2010 के आदेश में दिए गए निर्देशों के अनुसार 'नारायण सरोवर चिंकारा अभयारण्य' की वाह्य सीमा से 3 किमी. की परिधि में कोई खनन प्रचालन अनुज्ञात नहीं होगा ।
2.	वृक्षों की कटाई		हां		समुचित प्राधिकारी की अनुज्ञा से
3.	आरा मशीनों की स्थापना	हां			
4.	प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि)	हां			

5.	होटलों और रिसॉर्टों की स्थापना		हां		अनुमोदित मास्टर प्लान के अनुसार जो पर्यावास का ध्यान रखता है और वहां वन्यजीव की आवाजाही पर कोई प्रतिबंध नहीं है ।
6.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग	हां			होटलों तथा अन्य संबंधित व्यवसाय की स्थापना के लिए
7.	कृषि प्रणालियों का तीव्र परिवर्तन		हां		
8.	वाणिज्यिक जल संसाधन, जिसमें भू-जल संचयन सम्मिलित हैं	हां			होटलों तथा अन्य व्यवसाय स्थापना के लिए
9.	प्रमुख जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना	हां			
10.	विद्युत केबलों का उत्थापन		हां		भूमिगत केबलिंग को बढ़ावा
11.	स्थानीय समुदायों द्वारा चलाई जा रही कृषि और बागवानी प्रथाएं			हां	तथापि, इनमें से कुछ क्रियाकलापों के अत्यधिक विस्तार को मास्टर प्लान के अनुसार विनियमित किया जाना चाहिए
12.	वर्षा जल संचयन			हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए
13.	होटल और लॉज परिसर में बाड़ लगाना	हां			
14.	जैविक खेती			हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए
15.	दुकानदारों द्वारा पॉलीथीन बैगों का प्रयोग	हां			
16.	अक्षय ऊर्जा स्रोत का उपयोग			हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए
